तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 25 नवम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 हत्या कर तालाब में फेंका शव, कॉल डिटेल ने खोला राज



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
-D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
-B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
-B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
-B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# आखिरकार खंडहर में तब्दील होते ऑडिटोरियम के निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिरकार खंडहर में तब्दील होते 750 सीटर ऑडिटोरियम की प्रदेश सरकार ने सुध ली है। हरिभूमि द्वारा

- 13 करोड़ से कराया गया भवन निर्माण, राशि के आभाव में 5 सालों से बंद था काम, बन गया था नशेडी और असाजिक तत्वों का अड्डा

खबर का असर

खबर प्रकाशन के बाद अधूरे पड़े ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त 9 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है और अब तकनीकी स्वीकृति मिलने का इन्तजार है जिसके बाद इस भवन के शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने फिर से टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।

बता दें कि शासन द्वारा संभाग मुख्यालय में 750 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण के लिए शासन में वर्ष 2017 में 1344.74 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस राशि से ऑडिटोरियम भवन के निर्माण का कार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा था लेकिन निर्माण कार्य में विभिन्न कारणों से हुई देरी के कारण राशि कम पड़ गई। राशि कम हुई तो ठेकेदार ने भवन का निर्माण तो पूर्ण कर दिया लेकिन शेष कार्य अधर में लटक गए। वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार आने के बाद भी इस ऑडिटोरियम के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया गया। पांच वर्षों से अधूरे पड़ा भवन खंडहर में तब्दील हो गया और नशेड़ियों अपराधी किस्म के लोगों का अड्डा बन गया। नशेड़ियों ने भवन में लगाए गए खिड़की के ग्रिल, वायरिंग को निकाल लिया। इसके साथ ही भवन में आग लगा दी। खंडहर में तब्दील होते 13 करोड़ रुपए के भवन को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन कर कई बार सरकार व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा फिर से भवन के शेष कार्यों हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। लगातार दो एक साल तक प्रयास करने के बाद आखिरकार प्रदेश सरकार ने भवन निर्माण के रिवाइज प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण विभाग को इस प्रोजेक्ट के लिए 22 करोड़ 21 लाख 6 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसमें से 13 करोड़ 44 लाख रुपए पूर्व में खर्च हो चुके है जबकि लगभग 9 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि विभाग को इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने के लिए मिलेगी। ऐसे में आने वाले समय में शहरवासियों को एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम उपलब्ध हो सकेगा।



झाड़ियों से ढंका 13 करोड़ का ऑडोटरियम भवन।

## इन सुविधाओं से लैस होगा भवन

शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में निर्मित ऑडिटोरियम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए बना है। तीन फ्लोर में बने इस ऑडिटोरियम में सेंट्रल एसी के साथ ही वीआईपी लाउंज, ग्रीन रूम, दो कैफेटेरिया, सहित अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद है। इसके साथ ही इस भवन में पार्किंग भी दो स्तर में बनाए गए है। बेसमेंट पार्किंग के साथ ही भवन में दूसरे फ्लोर पर भी पार्किंग की सुविधा दी गई है।

### फिर से किया जाएगा टेंडर

ऑडिटोरियम निर्माण के लिए शासन से 1344.74 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण शुरू होने के बाद शासन के निर्देश पर इसमें कुछ बदलाव किए गए और डबल लेयर पार्किंग व व्हीआईपी लाउंज को अतिरिक्त रूप से जोड़ दिया गया जिससे निर्माण की लागत में वृद्धि होती गई। वीआईपी लाउंज और अन्य निर्माण कार्यों के कारण इसकी लागत 1814.54 लाख का पुनरीक्षित प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था लेकिन बीच में सरकार बदलने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ऑडिटोरियम में फॉलसीलिंग, एयरकंडीशनिंग, वुडन फ्लोरिंग, वॉल पेंटिंग, दरवाजे, खिडकियों के साथ ही मुख्य रूप से विद्युतीकरण का कार्य किया जाना शेष है। पूर्व में स्वीकृत राशि में से 10 करोड़ रुपए खर्च हो गए है और दो करोड़ शेष है लेकिन काम को बंद करना पड़ा क्यों कि सबसे पहले सेंट्रल एयरकंडीशनिंग का काम किया जाना है और इस कार्य के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। यही वजह है कि बाद में विभाग को मजबूरन धारा 14-1 के तहत ठेकेदार का अनुबंध भी समाप्त करना पड़ा। अब एक बार फिर से लोनिवि को भवन निर्माण के लिए टेंडर करना पड़ेगा।

### मिली है स्वीकृति

बंद पड़े ऑडिटोरियम निर्माण के लिए राशि की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। तकनीकी स्वीकृति के बाद टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी और निर्माण को पूर्ण किया जाएगा।

-वीरेंद्र चौधरी, ईई लोनिवि

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला फतेहपुर के सहायक शिक्षक (एलबी) अशोक कुमार यादव को निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर निलंबित किया गया है। जारी आदेश के तहत सहायक शिक्षक अशोक कुमार यादव को विशेष गणना पुनरीक्षण (एसाईआर) हेतु गणना पत्रक का वितरण एवं संग्रहण कार्य किए जाने हेतु अविहित अधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र क्रमांक-237 फतेहपुर में कार्य किए जाने का आदेश दिया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार अविहित अधिकारी द्वारा एसाईआर के कार्य में रूचि नहीं लेना व कार्य में लापरवाही बरतना, सक्षम अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराये कार्य पर अनुपस्थित रहना एवं निर्वाचन कार्य में सहयोग नहीं करना पाया गया है। ऐसे में जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अशोक कुमार यादव को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में अशोक कुमार यादव का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर में निर्धारित किया गया है।

### जंगल से भटक कर बस्ती में पहुंचे कोटरे की मौत

**धौरपुर।** ग्राम बिलमा में रविवार को मृत मिले कोटरे के पीएम पश्चात उसकी मौत ह्रदयघात से होने की पुष्टि हुई है। मामले में वन अमले ने ग्रामीणों द्वारा कोटरे का शिकार करने की संभावना पर दो संदेहियों को पकड़ा था। पीएम में पशु चिकित्सक द्वारा कोटरे की मौत ह्रदयघात से होने की पुष्टि करने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को दोपहर 1.30 बजे जंगल से भटक एक कोटरा ग्राम बिलमा बस्ती में पहुंच एक ग्रामीण की बाड़ी में लगाए गए प्लास्टिक रस्सी के घेरे में फंस गया। ग्रामीणों ने जैसे ही कोटरे को रस्सी के फंदे से छुड़ाया उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन अधिकारियों को दी। घटना स्थल पर पहुंचे वन अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा कोटरे की घेराबंदी कर पकड़ने के संदेह की सूचना देने वाले दो ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ की लेकिन कोटरे का शिकार करने संबंधी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सोमवार को पीएम में पशु चिकित्सक द्वारा कोटरे की मौत ह्रदयघात से होने की पुष्टि करने पर वन अमले ने राहत की सांसे ली तथा विधि-विधान से कोटरे का अंतिम संस्कार किया। वन परिक्षेत्राधिकारी ज्योतिरादित्य कुमार ने बताया कि संदेहास्पद परिस्थितियों में कोटरे की मौत होने के कारण ग्रामीणों द्वारा उसका शिकार करने के संदेह पर दो ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया था। पीएम में चिकित्सक द्वारा मृत कोटरे के शरीर में चोट के निशान नहीं मिलने एवं ह्रदयघात से मौत होने की पुष्टि की गई है। विधि विधान से कोटरे का अंतिम संस्कार किया गया है।

## देर रात पहुंचे निरीक्षण पर, दुर्व्यवहार पर भड़के, लगाई फटकार

# सड़क निर्माण में भेदभाव और मनमानी का आरोप, पूर्व महापौर ने रुकवाया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- महापौर ने कहा-होनी चाहिए मानक की जानकारी

शहर में चल रहे डामरीकरण और मरम्मत के कार्य की गुणवत्ता तो पहले से ही सवालों के घेरे में है। अब सड़क निर्माण के दौरान भेदभाव किए जाने का आरोप लगाकर पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने जमकर नाराजगी जाहिर की। रात के समय काम का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व महापौर ने ठेकेदार व अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। घटिया और आधे अधूरे सड़क निर्माण को लेकर पूर्व महापौर डॉ. तिर्की ने भाजपा प्रशासित नगर पालिक निगम के प्रति आक्रोश जाहिर करते हुए कहा है कि भाजपा वीआईपी लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए शहर में सड़कों का निर्माण कार्य करा रही है। भाजपा के लिए आम आदमी का उपयोग मात्र बढ़ी हुई बिजली दरों और बढ़ी हुई जमीन टैक्स की दरों को वसूलने तक सीमित है।

दरअसल रविवार को अपने अस्पताल से वापस घर लौटते उन्होंने देखा कि नवापारा चौक के पास रात को चौक की टूटी सड़कों के मात्र एक तिहाई हिस्से को लक्ष्य कर बीटी रिनिवल किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि वहां के निवासी इस निर्माण को लेकर ठेकेदार के कर्मचारियों और निगम के सुपरवाइजर से अधूरे काम को लेकर पूछताछ कर रहे थे। तब उन्होंने पूर्व महापौर को आते देख उन्हें रोका और वस्तुस्थिति बताई। इसपर पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने बीटी रिनिवल के काम की देखरेख कर रहे निगम के सुपरवाइजर से पूरी जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि महज 1 लोड गाड़ी से करीब 20-22 मीटर सडक के आधे हिस्से का सीलकोट किया जाना है। जबकि इस क्षेत्र में खराब सड़क की लम्बाई 100 मीटर से ज्यादा है। इस पूछताछ के दौरान ही निगम में हाल ही में एसडीओ बने एक कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। पूर्व महापौर ने निगम के उन एसडीओ से पूछा कि इस क्षेत्र में नई सड़क बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था और आकाशवाणी चौक से यह बन भी रहा था तो फिर नवापारा चौक के पास मात्र सील कोट क्यों हो रहा है। तब उस एसडीओ ने यह कहा कि इन क्षेत्रों में नई सड़क का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है। इसपर पूर्व महापौर ने यह बताया कि नवापारा चौक के पास की कुल खराब सड़कों का मात्र एक तिहाई हिस्सा ही सील कोट किया जा रहा है वो भी बिना साफ सफाई के। उन्होंने एसडीओ को इस पूरी सड़क के सील कोट करने का निवेदन किया। इस बातचीत के दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों ने पूर्व महापौर के साथ अभद्रता की जिससे शांत स्वभाव के पूर्व महापौर के साथ ही वहां मौजूद नागरिक भी आक्रोशित हो गये। इस दौरान वहां मौजूद नगर निगम के एसडीओ मोबाइल से वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। कांग्रेस का कहना है कि उसी वीडियो के एक खास हिस्से को कांट छांट कर भाजपा द्वारा खराब और अधूरे सड़क निर्माण के तथ्य को छुपाने के लिये प्रचारित प्रसारित किया जा रहा है। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा है कि निगम में कांग्रेस के सत्ता में रहते हुए शहर के बाहरी हिस्सों में मौजूद सभी वार्डो के लिये नयी सड़क के निर्माण के लिये प्रस्ताव पास किया था। भाजपा के शासन में आने के बाद इनके निर्माण को रद्द करके केवल वीआईपी सुविधाओं वाले सड़कों का निर्माण किया जा रहा है जो कि बेहद खेदजनक है। भाजपा को आम जनता की परवाह नहीं है।



निरीक्षण करते पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की व अन्य कांग्रेसी।

### 7 दिन में बने सडक नहीं तो करेंगे चक्काजाम

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने नावापारा चौक पर पूर्व महापौर के साथ हुए दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की निगम क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्य के लिये कांग्रेस द्वारा गठित निगरानी दल के प्रमुख हैं। नावापारा चौक पर सड़क के निर्माण पर हो रहे खानापूर्ती को लेकर पूरी पार्टी उनके निर्णय के साथ खडी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि निगम 7 दिन के भीतर नवापारा चौक के साथ ही शहर के अन्य सडकों का मरम्मत अगर नहीं करेगी तो नवापारा चौक को प्रतीक बनाकर कांग्रेस बडा आन्दोलन करने को बाध्य होगी।

### नियमानुसार किया जा रहा है काम : मंजूषा

सड़क निर्माण में भेदभाव का आरोप लगाकर काम रुकवाने और कर्मचारियों से हल्की नोंक झोंक का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसे लेकर पर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की पर हमला बोला है। महापौर श्रीमती भगत का कहना है कि उन्हें काम रुकवाने की जानकारी मिली। वर्तमान में सड़क निर्माण नहीं बल्कि पैच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। रोड बनाने का काम तो बरेजपारा में हो रहा है और सभी काम नियमानुसार हो रहे है। डॉ. अजय तिर्की 10 वर्षों तक महापौर रह चुके है तो उन्हें सड़क निर्माण और पैच रिपेयरिंग के मानकों की जानकारी होनी चाहिए या फिर अपने कार्यकाल में उन्होंने बिना मानक के ही काम कराया। उन्होंने कहा कि यदि पैच रिपेयरिंग के दौरान काम में कमी नजर आई तो वे महापौर या कमिश्नर से शिकायत कर सकते थे। गरीब चालक से गाली गलौज करना कहां तक सही है। उनके इस व्यवहार से काफी दुःख हुआ। उनका अभद्र व्यवहार अशोभनीय है। हमारी सरकार एक विजन के तहत सोच समझकर काम कर रही है। पैच रिपेयरिंग का काम रोकना कहां तक सही है।




# खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एमपी से आकर कर रहे थे चोरी, चार आरोपी गिरफ्तार

खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो मध्यप्रदेश से सरगुजा में आकर डीजल चोरी करने के साथ ही चालकों से मारपीट करते थे। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त वाहन, डीजल, जरकीन के साथ ही सब्बल, गुलेल, डंडा जब्त किया है। आरोपी लम्बे समय से क्षेत्र में डीजल चोरी कर रहे थे। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग छावनी निवासी अबोध कुमार सिंह आ. आत्मानंद सिंह एचटीसी सोम लॉजिस्टिक हथखोज कंपनी के ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 से 9 नवंबर को सीमेंट लोड कर शहर के जिंदल ट्रेडर्स पहुंचा था। सीमेंट खाली नहीं होने की स्थिति में चालक 10 नवंबर को ट्रक को खड़ी कर सो रहा था। इस दौरान रात 3 नब्जे डीजल टंकी से कुछ लोग डीजल चोरी करने लगे। आवाज आने पर जब चालक वाहन से नीचे उतरा तो मौके पर मौजूद तीन लुटेरों में से दो चालक को पकड़कर चाकू अड़ाकर मारपीट की। जब चालक ने शोर मचाया तो आरोपी उसे छोड़कर आरोपी लगभग 200 लीटर डीजल लूटकर भाग निकले। ऐसे में चालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज कर एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस बीच 23 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि अजबनगर पेट्रोल पंप के पास खड़ी तर्कक से डीजल चोरी कर कुछ लोग भाग रहे है। ऐसे में पचिरा टोल नाका के पास पुलिस टीम द्वारा संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने मामले में एमपी के कोतमा सिलपुर निवासी 41 वर्षीय हीरा लोनी, ग्राम मलगा रामनगर निवासी 25 वर्षीय रोहित लोनी उर्फ अश्वनी लोनी, सिलपुर निवासी 22 वर्षीय ध्रुव लोनी व 21 वर्षीय बसंत लोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने लखनपुर रोड जजगा, एमजी रोड अशोक लीलैंड के पास, सितम्बर में बिलासपुर रोड से खड़े वाहन से डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन, सब्बल, गुलेल, 220 लीटर डीजल मय जरकीन, पुरान कम्बल, डण्डा जप्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, सउनि अदीप प्रताप सिंह, विनय सिंह, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक लालबाबू सिंह, अतुल सिंह, नितिन सिन्हा, साइबर सेल से सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, रमेश राजवाडे. थाना गांधीनगर से राहुल सिंह, रमन मण्डल, थाना मणीपुर से उमाशंकर साहू सक्रिय रहे।

## मवेशी चराने गई महिला पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**शंकरगढ़।** गांव में मवेशी चरा रही महिला पर भालू ने हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरथा भुनेश्वरपुर निवासी गुजरी पैकरा आ. देवनाथ पैकरा (56 वर्ष) रविवार को गांव के जंगल के समीप मवेशी चराने गई थी। महिला झाड़ी के समीप बैठी थी तभी भालू ने हमला कर दिया। अचानक भालू के हमला कर देने से महिला शोर मचाने लगी और किसी तरह भालू से बचकर गांव की ओर भागी। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन महिला को तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।



## टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद बढ़ी परेशानी, विस्थापन की नहीं हो रही पहल

# तमोर पिंगला के गांवों में मूलभूत सुविधाओं का टोटा, शिक्षा से दूर हो रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद गुरू घासीदास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभ्यारण्य में निवासरत ग्रामीणों की समस्याएं बढ़ गई है। भविष्य में इन जंगलों में हिंसक वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ने पर ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

शासन द्वारा गुरूघासी दास तमोर पिंगला अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने के बाद विभाग द्वारा जंगलों की निगरानी बढ़ा दी गई है। वन्य जीवों की आवाजाही होने के मद्देनजर न केवल सुरक्षा बल्कि वन्यजीवों के लिए सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। वन अमले की लगातार सक्रियता से वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही धीरे-धीरे वनक्षेत्र का परिदृश्य भी बदल रहा है। भविष्य में हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही बढ़ने पर न केवल टाइगर रिजर्व में निवासरत ग्रामीणों के लिए बल्कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए भी बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। स्थिति को देखते हुए शासन ने टाइगर रिजर्व में निवासरत ग्रामीणों की सहमति से उनके विस्थापन की नीति बनाई है लेकिन अभी तक विभाग द्वारा इस संबंध में कोई कारगर पहल प्रारंभ नहीं की गई है। एक दशक पूर्व विभाग द्वारा तमोर पिंगला अभ्यारण्य में निवासरत ग्रामीणों की सहमति से विस्थापन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। ग्राम अरचोका के ग्रामीणों ने विस्थापन की सहमति भी दे दी थी। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की बसाहट के लिए अम्बिकापुर-वाड्रफनगर मार्ग में 11 नवम्बर के पास भूमि का चिह्नांकन भी कर लिया गया था लेकिन ऐन समय में अधिकारी का स्थानांतरण होने पर प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई। भविष्य की चुनौतियों को लेकर अभी तक न तो प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कोई पहल की जा रही है न ही विभाग ही कुछ कर रहा है।



### टाइगर रिजर्व में 47 गांव

गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में 47 गांवों के लोग चुनौतीपूर्ण जीवन जी रहे हैं। गुरूघासी दास नेशनल पार्क क्षेत्र में 40 गांव जबकि तमोर पिंगला अभ्यारण्य में 7 गांवों की बसाहट है। बीहड़ों के बीच बसे इन गांवों में न तो बिजली की व्यवस्था है न ही रोजगार का साधन। इन गांवों से आवागमन करना मुश्किलों से भरा है। इन गांवों में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल की सुविधा है लेकिन हाई एवं हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई के लिए बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यही कारण है कि गांव के अधिकांश बच्चे मिडिल की पढ़ाई करने के बाद खेती-गृहस्थी के काम में जुट जाते हैं। इन गांवों में खेती के अतिरिक्त रोजगार का कोई अन्य साधन नहीं है। धने जंगल के बीच बसे कुछ गांवों की आबादी एक हजार से अधिक है जबकि दुर्गई जैसे भी गांव हैं जहां मात्र 9 ग्रामीणों के घर हैं। गुरूघासी दास तमोर पिंगला एवं पलामू टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित सेमरसोत अभ्यारण्य में भी हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही रहती है। सेमरसोत अभ्यारण्य के बीच 40 गांवों की बसाहट है।

### सहमति पर की जाएगी पहल

बीहड़ों के बीच निवासरत ग्रामीणों की अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वन्य जीवों एवं ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा की चुनौतियां है। ग्रामीणों की सहमति पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीनिवास तन्नेटी
उप संचालक एलिफेंट रिजर्व

### केरता महान 3 में पदस्थ वेल्डर की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** केरता महान 3 में वेल्डर के पद पर काम कर रहे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उड़ीसा अंतर्गत ग्राम परादीप पोर्त निवासी चित्रा बहादुर पुन मगर आ. भीम बहादुर (44 वर्ष) पिछले 3 साल से केरता महान 3 में वेल्डर के पर पर पदस्थ था। रविवार की शाम घर में था तभी अचानक तबीयत बिगड़ जाने से बिस्तर में ही बेहोश हो गया। घटना की जानकारी तब लगी जब साथ काम करने वाले मिन बहादुर कमरे में आया तो चित्रा को बिस्तर में अचेत देख घटना की जानकारी उसके रिश्तेदार को दी। रिश्तेदार सहित अन्य स्टाफ उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों न जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन 27 को



**मनेन्द्रगढ़।** एफसीआई गोदाम चैनपुर के सामने प्रस्तावित भाजपा जिला कार्यालय निर्माण के लिए 27 नवंबर को भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम सहित अनेक वरिष्ठ मंत्री और संगठन के शीर्ष पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय निर्माण जिले में संगठन को नई गति देगा और कार्यकर्ताओं के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा। कार्यक्रम के दिन सुबह 11 बजे भव्य बाइक रैली भी निकाली जाएगी, जो लोक निर्माण विभाग तिराहे से शुरू होकर आयोजन स्थल पर समाप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने बताया कि प्रस्तावित जिला कार्यालय संगठन के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंजीकृत राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने की, जबकि अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार ने संचालन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में 1 जनवरी 2026 की संदर्भ तिथि पर आधारित विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति से सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया तथा राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया कि वे शीघ्र बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराएं। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष ने कॉलरी क्षेत्र से जुड़े गंभीर मुद्दे उठाते हुए बताया कि कई मतदाता 2-3 घरों को कैप्चर किए हुए हैं, जिससे फार्म वितरण बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई नाम ऐसे मतदाताओं के हैं जो अब निवासरत नहीं हैं या निधन हो चुका है, फिर भी उनके नाम पर फॉर्म जारी हुए हैं। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि कुछ मतदाता ऐसे हैं जो बिहार में पंजीकृत हैं, फिर भी स्थानीय एसआईआर में जोड़ने के लिए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो मतदाता निवासरत नहीं हैं, उन्हें सूची से पृथक करना आवश्यक है।

### नवोदय में विद्यार्थियों ने किया युवा ग्राम सभा

**बैकुण्ठपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुंठपुर में सोमवार को विद्यार्थियों ने युवा ग्राम सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें छात्रों ने ग्राम शासन की कार्यप्रणाली, निर्णय प्रक्रिया तथा विकास योजनाओं को समझते हुए सक्रिय नागरिकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य पी दनसना के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने, स्थानीय शासन में सहभागिता बढ़ाने और सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। सभा के विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत की तर्ज पर सरपंच, उप सरपंच, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और वार्ड सदस्यों की भूमिका निभाते हुए गांव की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की। इनमें स्वच्छता, पेयजल, पौधरोपण, डिजिटल साक्षरता, नशामुक्ति और शिक्षा उन्नयन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सुझावों में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ गांव अभियान, हर विद्यार्थी एक पेड़, प्लास्टिक मुक्त परिसर तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों की भूमिका की सराहना की।

## कोरिया पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा, पटना क्षेत्र के रामसागर तालाब में मिला था युवक का शव

# हत्या कर तालाब में फेंका शव, कॉल डिटेल ने खोला राज

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैकुंठपुर

जिले के पटना थाना पुलिस ने तीन दिन पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 19 अक्टूबर को बड़कापारा स्थित रामसागर तालाब में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शव की पहचान जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर सूरज उम्र 26 वर्ष पिता रामदास गोड़ निवासी चैनपुर के रूप में हुई।

शव सड़ी-गली अवस्था में था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई, इसके बाद थाना पटना में अपराध क्रमांक 223/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन का विश्लेषण किया। 16 अक्टूबर को मृतक की अंतिम बातचीत उसकी पत्नी लक्ष्मी से हुई थी, इससे पूर्व मृतक की बातचीत रामप्रताप उर्फ पप्पू उजियारपुर और उसके रिश्तेदार छोटू सिंह जिलीबांध से हुई थी। तकनीकी साक्ष्यों ने जांच का दायरा इन्हीं पर केन्द्रित कर दिया। मुख्य आरोपी रामप्रताप उर्फ पप्पू घटना के बाद झारखंड और पश्चिम बंगाल की ओर फरार हो गया था। पुलिस ने तकनीकी इनपुट और सटीक सूचना पर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि 16 अक्टूबर को वह सूरज के साथ चैनपुर से नगर पहुंचा। दोनों कटोरा गए और शराब सेवन किया। इसके बाद डीजल चोरी से जुड़े रूपए के लेनदेन को लेकर विवाद बढ़ गया। गुस्से में आकर पप्पू ने सूरज का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पास के तालाब में फेंक दिया। आरोपी के मेमोरंडम के आधार पर मृतक का मोबाइल, बैग और उसमें रखे कपड़े घटना स्थल से बरामद किए गए हैं। प

पुलिस का कहना है कि तकनीकी विश्लेषण, साक्ष्य और आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान से यह सिद्ध हो गया कि हत्या रामप्रताप उर्फ पप्पू ने ही की है। पुलिस ने आरोपी को 23 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खनिज निरीक्षक से अभद्रता करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने के लिए चल रही कार्रवाई के दौरान खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर से गाली -गलौज और अभद्रता करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली गई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा तथा पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर की गई। विदित हो कि घटना 22 नवंबर की है। खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर क्षेत्र भ्रमण पर थे तभी उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जा रहा है। सूचना पर वाहन को रोका गया और चालक को वाहन को थाने ले जाने के लिए कहा गया। इसी दौरान चालक ने वाहन मालिक को मौके पर बुला लिया। वाहन मालिक के पहुंचते ही उसने निरीक्षक से बहसबाजी की तथा रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर भागने का प्रयास किया। मामले की रिपोर्ट पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 205/25, धारा 223, 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी उदय कुमार पिता सुदामा प्रसाद पनिका उम्र 30 वर्ष निवासी चैनपुर को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, इसके बाद घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर एवं रेत से भरी ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

# बाइक आपस में भिड़े जपं कर्मी की मौत

## सोनहत के गंगा ठेला के पास हादसा

**बैकुंठपुर।** जिले के सोनहत में सोमवार को दो बाइक के आपस में जोरदार भिडंत हो गई, इसमें एक युवक की मौत हो गई,वहीं दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया।



सूचना पर सोनहत पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी कार्रवाई पूर्ण की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शाम के समय सोनहत के गंगा ठेला के पास दो बाइक में भिडंत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान लोमेश कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी गरियाबंद के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक जनपद पंचायत सोनहत में पीआरपी पद पर कार्यरत था।

## जोलगी में बिना अनुमति कटे साल वृक्ष जब्त



**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के ग्राम जोलगी में बिना अनुमति 5 नग साल के वृक्षों की कटाई किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग तुरंत सक्रिय हुआ। सूचना मिलते ही संबंधित राजस्व अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे और अवैध रूप से कटे वर्ष वृक्षों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बिना किसी वैध अनुमति के इन वृक्षों की कटाई ग्राम जोलगी के निवासी सम्हारू राम पिता सिरपत द्वारा कराई गई थी। इस अवैध कटाई को गंभीरता से लेते हुए उनके विरूद्ध एसडीएम न्यायालय भरतपुर में प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत भूमि स्वामी सम्हारू राम पर 1,25,000 रूपए का अर्थदंड प्रस्तावित है। साथ ही कटे हुए वृक्षों को राजसात सरकारी स्वामित्व में शामिल करने की कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं वन संपदा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध कटाई के मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी तथा बिना अनुमति वृक्ष कटाई करने वालों के विरूद्ध सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाते रहेंगे।

# महामाया स्टोन क्रेशर में चोरी का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के परिपालन में सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ पुलिस द्वारा चोरी के एक प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया गया है।

घटना 22 नवंबर की है। प्रार्थी सार्थक अग्रवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ द्वारा थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके महामाया स्टोन क्रेशर से शाम करीब 4 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहे का एंगल और चादर कुल लगभग



30,000 रूपए का सामान चोरी कर लिया गया। आवेदन पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 206/25 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और तथ्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, इसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की पहचान भोला बंसल पिता अजय बंसल उम्र 19 वर्ष जाति बसोर निवासी लालपुर के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से चोरी गया लोहे का एंगल एवं चादर बरामद कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक मनीष तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, चेतन राजवाड़े, प्रधान आरक्षक हितेश्वर राजवाड़े, नवीन दत्त तिवारी, विवेक मणि तिवारी, प्रिंस राय, सुनील रजक, रवि शर्मा, राजकुमार सेन, आरक्षक उतरा कश्यप, सचिन, मो. आजाद, प्रदीप,सैनिक विनीत सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

# वंदना शिशु शिक्षा निकेतन में बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी

**मनेन्द्रगढ़।** वंदना शिशु शिक्षा निकेतन जनकपुर में बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विविध गतिविधियों और मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद साहू ने कहा कि विद्यालयों में बाल मेला और प्रदर्शनी जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और समाज से संवाद स्थापित करने की क्षमता विकसित होती है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, घरेलू विज्ञान और सुरक्षा उपकरणों से संबंधित अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने प्रत्येक मॉडल का निरीक्षण कर बच्चों को वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछे



जिनका विद्यार्थियों ने संतोषजनक उत्तर दिया। बाल मेले में बच्चों द्वारा हस्तकला, क्राफ्ट, खेलकूद और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के स्टॉल लगाए गए। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ कई खेलों में सहभागिता की। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने सामाजिक संदेशों एवं विविध वेशभूषाओं के माध्यम से सभी का ध्यानाकर्षित किया। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल पटेल, बीआरपी उमेश पांडे, आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर के प्राचार्य दीपक बघेल और अधिवक्ता आदित्य गुप्ता सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# चालक की कोई सीट नहीं, ड्रिल वाहन को निहारते रहे लोग

**बैकुण्ठपुर।** सड़क पर चलने वाले वाहनों में चालक के लिए सीट निर्धारित होता है, जहां बैठकर वाहन चालक अपनी वाहनों को चलाते है। सभी वाहनों में चालक के लिए सीट और स्टेयरिंग होती है।

वाहन चालक अपनी सीट पर बैठकर वाहन को चलाता है, लेकिन शहर में एक ऐसा भी वाहन देखने को मिला जो जिसमें चालक के लिए कोई सीट ही नहीं होती और न ही गोल स्टेयरिंग होती है। इस तरह के वाहन को ड्रिल वाहन कहा जाता है। रविवार को शहर के मुख्य मार्ग से ड्रिल वाहन को उसका चालक सड़क पर चलते हुए हैंडल की सहायता से आपरेट करता रहा और



ड्रिल वाहन धीरे-धीरे लोगों की चाल की गति से आगे बढ़ता है। जानकारी के अनुसार ड्रिल वाहन की सहायता से जमीन के नीचे होल करने के लिए उपयोग किया जाता है। वहीं इस वाहन को दूर के स्थान ले जाने के लिए दूसरे वाहन में लोड कर ले जाया जाता है।

### पीछे चलते हुए आपरेट

ड्रील वाहन को चलाने वाला चालक सड़क पर वाहन के सामने की ओर से पीछे चलते हुए आपॅरेट करते हुए दिखाई दिया। वाहन चालक एक-एक कदम चलता रहा और वाहन के हैंडल से आपरेट करते हुए पीछे बढ़ते हुए वाहन को आगे बढ़ाता रहा।

# जागरूकता ही सबसे बड़ी ताकत- ओमकार

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा में सोमवार को एक विशेष अवसर पर देशभर में भ्रष्टाचार के विरूद्ध सशक्त अभियान चला रहे संगठन एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के राष्टीय अध्यक्ष डॉ. ओमकार गुप्ता अपने उच्च स्तरीय राष्टीय नेतृत्व दल के साथ चरचा पहुंचे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा तथा स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई। राष्टीय अध्यक्ष के साथ संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस महत्वपूर्ण दौरे में शामिल हुए।

इनमें राष्टीय सचिव अनिल गुप्ता, उत्तरप्रदेश अध्यक्ष नजम जिया सिद्दीकी, उत्तरप्रदेश जिला मेरठ अध्यक्ष एवं एसीएम भारत न्यूज एडिटर खजान सिंह सिसोदिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी से यह दौरा और भी महत्वूपर्ण बन गया। नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, राष्टीय सचिव शशिभूषण राय, एंटी करप्शन सरगुजा संभाग अध्यक्ष प्रभात दास, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, अधिवक्ता महेश शर्मा, पत्रकार अंकित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पुष्पमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया, इसके अतिरिक्त राष्टीय सचिव दशरथ मोदी ने शाल और श्रीफल भेंट कर सभी अतिथियों का सम्मान किया। प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. ओमकार गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करना ही नहीं, बल्कि देशभर में एक ऐसी जागरूक



नागरिक संस्कृति विकसित करना है, जहां भ्रष्टाचार अपने आप समाप्त हो जाए। एंटी करप्शन मूवमेंट भारत पिछले कई वर्षों से जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा विभिन्न राज्यों में लगातार निरीक्षण अभियान, जनसुनवाई, शिकायत निवारण शिविर और जागरूकता रैलियां आयोजित की जा रही हैं। हर आम नागरिक को यह समझाना जरूरी है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की साझा लड़ाई है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आने वाले महीनों में सरगुजा, कोरिया और आसपास के जिलों में एंटी करप्शन मूवमेंट भारत बड़े पैमाने पर जनजागरूकता कार्यक्रम, स्कूल-कॉलेजों में सेमिनार और अधिकारियों के साथ संवाद बैठकें आयोजित करेगा। उन्होंने पत्रकारों से भी अपील की कि वे निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ समाज में भ्रष्टाचार विरोधी माहौल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे।

## केल्हारी सेजस स्कूल में बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** केल्हारी सेजस स्कूल में बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन उत्साह, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता के साथ संपन्न हुआ। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा भावना एवं नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रही, जिसने बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया और विद्यालय में सकारात्मक व प्रेरणादायी माहौल निर्मित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एनएसएस और एनसीसी द्वारा प्रस्तुत संयुक्त नाट्य प्रस्तुति रही, जिसमें बाल संरक्षण, भेदभाव, शिक्षा के अधिकार तथा सुरक्षित वातावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली तरीके से दशार्या गया।

# द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर

**चरचा कॉलरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा आयोजित होने वाले विकासखंड संकुल स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर के संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर ने 31 अक्टूबर को आधिकारिक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार यह प्रशिक्षण शिविर 28 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

शिविर का स्थल हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा निर्धारित किया गया है, जहां जिलेभर से स्काउट-गाइड विद्यार्थी प्रशिक्षण में भाग लेंगे। शिविर के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। शिविर संचालक सुनील कुमार बड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शिशु चिताझोर पोड़ी,



सहायक संचालक निशांत आरा हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक कुमारी ममता सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरिया कॉलरी, प्रशिक्षक राजाराम देवांगन हिन्द विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक विकल्प श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी, प्रशिक्षक अमरनाथ सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बाघपारा चरचा आदेश में सभी नियुक्त प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर समयानुसार शिविर स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्य सुनिश्चित करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित यह द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, सेवा भाव और जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## साइबर अपराध से बचाव के लिए संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा नहीं करें

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏩ मनेन्द्रगढ़

थाना जनकपुर क्षेत्र में 24 नवंबर को आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की उपस्थिति में जन जागरूकता का शक्तिशाली संदेश दिया गया।

- **सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील**

कार्यक्रम के दौरान एमसीबी जिला पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न जागरूकता अभियानों साइबर क्राइम से सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, रोड सेफ्टी और नशा मुक्ति की विस्तृत जानकारी विधायक को प्रदान की गई। आईजी




सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशों पर चल रहे इन अभियानों की जानकारी पाकर विधायक श्रीमती सिंह ने आम जनमानस से साइबर अपराध से सतर्क रहने, नशामुक्त समाज बनाने और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की। विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी जनकपुर ओम प्रकाश दूबे को भी मंच साझा कर जनता को पुलिस की ओर से किएजा रहे प्रयासों से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश दुबे ने उपस्थित जनसमुदाय को मंच से संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए संदिग्ध लिंक, कॉल और ओटीपी साझा ना करने की आदत को अपनाया जाए। यातायात सुरक्षा के लिए दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए।

नशामुक्त समाज के लिए पुलिस लगातार अवैध ड्रग्स कारोबार पर अंकुश लगाने की कार्रवाई कर रही है। इसमें प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में थाना जनकपुर पुलिस स्टाफ के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था से एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी एवं समस्त प्रशासनिक अमला उपस्थित रहे।

# वृद्ध पेंशनरों का शाल-श्रीफल से सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ एमसीबी जिला इकाई द्वारा वृद्ध पेंशनरों का उनके निवास पर शाल एवं श्रीफल से सम्मान कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। छग पेंशनधारी संघ ने बुजुर्गों का सम्मान-ईश वंदन के समान नामक सम्मान के क्रम में पूर्व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल नयन मिश्र उम्र 87 वर्ष, पूर्व रीडर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ आरएस सिंह उम्र 82 वर्ष, पूर्व प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलएन सिंह उम्र 82 वर्ष का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर विधिवत सम्मान किया एवं वृद्ध पेंशनरों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

बुजुर्गों का सम्मान, ईश वंदन के समान कार्यक्रम के सूत्रधार पुष्कर लाल तिवारी ने कहा कि वृद्ध पेंशनरों का सम्मान का क्रम निरंतर जारी रहना चाहिए, इससे वयोवृद्ध व्यक्तियों का उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर इस सम्मान कार्यक्रम में छग पेंशनधारी कल्याण संघ मनेन्द्रगढ़ के पदाधिकारी में सर्वश्री गोपाल प्रसाद बुनकर जिला



अध्यक्ष,तहसील अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष मुख्तार अली, जिला कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, जिला सह सचिव पुष्कर लाल तिवारी, विकासखंड अध्यक्ष कोपनाथ शर्मा, आरके कुमार, सीएल जायसवाल, मनोहर लाल गुप्ता, रामप्रवेश कुमार सहित सभी जिला कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा शाल एवं श्रीफल से वयोवृद्ध पेंशनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला अध्यक्ष गोपाल प्रसाद बुनकर ने किया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम करमपुर के राकेश तिर्की आबकारी उप निरीक्षक पद के लिए हुए चयनित



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बलरामपुर खदान में कार्यरत ग्राम करमपुर निवासी रामकिशुन के पुत्र राकेश कुमार तिर्की ने अपने कठिन परिश्रम से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर आबकारी उप निरीक्षक पद पर चयनित हुए हैं,राकेश कुमार तिर्की के सीजीपीएससी में चयनित होने से कुम्दा समेत कोयलांचल वासियों में हर्ष व्याप्त है।

### श्री सत्य साईं बाबा का मनाया गया जन्मोत्सव साईं धाम में हुए विविध आयोजन



**बिश्रामपुर।** नगर के श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा श्री सत्य साई बाबा का जन्मोत्सव बाल विकास के बच्चों द्वारा केक काटकर मनाया गया। श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर साई धाम में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरी, सायंकाल साईं धाम में 5.30 से 6 बजे तक वेद पाठ, 6 से 6.30 बजे तक संध्या भजन, शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे तक सत्य, अहिंसा एवं शांति ग्रुप के बच्चों द्वारा नैतिक, सांस्कृतिक, मानवीय एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाल विकास गुरुओं द्वारा बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया। श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर साई धाम के संयोजक जीएस तिवारी द्वारा श्री सत्य साई बाबा के जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी गई। महेश गुप्ता मीडिया प्रभारी द्वारा शताब्दी वर्ष में किए जा रहे कार्यक्रम एवं सेवा प्रकल्पों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सेवा प्रभारी महेंद्र लांडे द्वारा किया गया व आभार प्रदर्शन समिति के वरिष्ठ सदस्य गोविंद स्वाई ने किया। महामंगल आरती एवं भोग प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में साई भक्त एवं बाल विकास के बच्चे उपस्थित थे।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर रोजगार सहायक को निलंबित करने के निर्देश



**लखनपुर।** एसडीएम वन सिंह नेताम ने तहसीलदार, आरआई और अन्य अधिकारियों के साथ लखनपुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कुंवरपुर ग्राम में फॉर्म वितरण, फॉर्म जमा करने की प्रगति तथा डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति की जानकारी ली। कार्य में स्पष्ट रूप से लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने संबंधित रोजगार सहायक को फटकार लगाते हुए, लखनपुर जनपद पंचायत सीईओ डॉ. स्वेच्छा सिंह को रोजगार सहायक को निलंबित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने एसआईआर कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अंकिता पटेल, नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, आरआई संजय सिंह, पटवारी प्रदीप एक्का सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## कहा-किसानों को नहीं होना चाहिए किसी प्रकार की परेशानी

# विधायक ने प्रतापगढ़ में किया धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म होते ही वीरान पड़े धान खरीदी केंद्रों में रौनक लौट आई है। धान खरीदी से पहले आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रतापगढ़ में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। विधायक रामकुमार टोप्पो ने धान खरीदी केंद्र में पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समितियों में धान बेचने हेतु क्षेत्र से आने वाले किसानों का पूरा ध्यान रखा जाए, उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था करना खरीदी केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी है। इसमे कोताही बरतने वाले धान खरीदी केंद्र प्रभारी कार्रवाई के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान बृजेश गुप्ता भाजपा फिरोज खान लखन सिदार समिति प्रबंधक सुखसागर बघेल समेत भाजपा नेता सरपंच पंच एवं किसान उपस्थित थे।

**खास बात**

- लापरवाही पर जिम्मेदार होंगे प्रभारी

वहीं धान खरीदी केंद्र वंदना में भी धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता विक्की सोनी मंडल महामंत्री सुदर्शन सोनी के मुख्य आतिथ्य में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इस दौरान किसान सरस्वती जगदीश एवं भिठल राम का धान खरीदते हुए समिति वंदना में धान खरीदी की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सरपंच सुनील बखला मदन पैंकरा, लहरू पैंकरा, जीवन यादव, फलेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, समिति प्रबंधक दिलीप सिन्हा, विनय गुप्ता समेत जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद थे।

### कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद जयनगर समिती में सोमवार को हुई धान खरीदी की बोहनी



**बिश्रामपुर।** लगभग दो सप्ताह तक कार्य बंद रहने से ठप्प पड़े धान खरीदी केंद्रों में एक बार फिर रौनक लौट आई है,समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त होने के बाद सोमवार को जयनगर सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ विधिवत तरीके से किया गया,गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू होना था,लेकिन उससे पहले 3 नवंबर से ही समिति प्रबंधकों व कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी,हड़ताल के कारण धान खरीदी केंद्रों में काम लगभग ठप्प पड़ गया था,प्रशासन ने वैकल्पिक समाधान के रूप में नई अस्थायी नियुक्तियां तो कीं लेकिन व्यवस्थाएं संतोषजनक न होने से खरीदी कार्य में दिक्कतें आ रही थीं,दो दिन पूर्व समिति कर्मचारियों द्वारा हड़ताल समाप्त करने की घोषणा के बाद सोमवार सुबह जयनगर समिति में खरीदी की पहली बोहनी की गई,जयनगर समिति में सोमवार की सुबह से ही किसानों की आवाजाही शुरू हो गई,कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई, इसके बाद समिति प्रबंधक श्यामलाल प्रजापति और ऑपरेटर कमल सिंह की देखरेख में खरीदी कार्य शुरू किया गया,इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय गोयल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से अपने वादे के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है,साथ ही किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान उनके खाते में सीधे किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि किसान समितियों में अपने धान को बेचकर मेहनताना प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े,संचालन समिति अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, जुगेंद्र सिंह, रूपनारायण राजवाड़े, सुरेंद्र राजवाड़े, सत्येंद्र राजवाड़े, शिवनारायण, नर्वदेश्वर सिंह, वेदप्रकाश, देवशरण सिंह, एकरी देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सम्पदा अधिकारी ने कम्पनी आवासों पर अनाधिकृत रूप से काबिज 24 लोगों को जारी किया बेदखली नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कम्पनी आवासों पर रह रहे अवैध कब्जाधारियों को पुनः नोटिस जारी किया गया है, सोमवार को संपदा अधिकारी द्वारा जारी बेदखली नोटिसों को सुरक्षा विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर 24 अवैध कब्जाधारियों तक तामिल एवं चस्पा करा दिया है।

- जिन कब्जाधारियों के दरवाजे में ताले लगे मिले, उनकी दीवारों में नोटिस किया गया चस्पा

बेदखली अभियान के दौरान सुरक्षा विभाग की टीम सुबह से ही कॉलोनियों में सक्रिय रही,जहां घर खुले मिले,वहां दस्तावेज सीधे कब्जाधारियों को सौंपे गए, लेकिन जिन घरों में ताला बंद मिला, वहां निर्धारित नियमों के मुताबिक नोटिस को घर के मुख्य दरवाजे पर चस्पा कर दिया गया है,अधिकारियों ने कॉलोनी की गलियों में घूमकर घरों की वास्तविक स्थिति,निवासियों की मौजूदगी और कब्जों की प्रकृति का भी बारीकी से अध्ययन किया,ज्ञात हो कि एसईसीएल की आवासीय कॉलोनियों में वर्षों से कई ऐसे लोग रह रहे हैं जो न तो कंपनी के कर्मचारी हैं और न ही किसी अधिकृत अनुमति के तहत आवास प्राप्त हूआ है,प्रबंधन द्वारा पूर्व में भी कई दौर की मौखिक व लिखित चेतावनी दी जा चुकी है। एसईसीएल के अधिकारियों का कहना है कि कंपनी की संपत्ति सिर्फ अधिकृत कर्मचारियों और जरूरतमंद परिवारों के लिए है,अवैध कब्जे न सिर्फ आवास व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न करते हैं बल्कि रखरखाव, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर भी गंभीर चुनौती पैदा करते हैं,यदि कब्जाधारी निर्धारित अवधि में घर खाली नहीं करते, तो कानूनी कार्यवाही कर बलपूर्वक बेदखली भी की जा सकती है।

# सेंट्रल बैंक सतपता शाखा के मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से निकलने लगा धुंआ, मची अफरातफरी की स्थिति बनी



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर में एनएच किनारे स्थित सेंट्रल बैंक शाखा सतपता में आज सोमवार की सुबह शॉर्ट सर्किट होने से उठते धुंए से अफरा तफरी की स्थिति गई, इस दौरान बैंक कर्मचारियों द्वारा तत्काल सतर्कता दिखाकर मेन स्विच ऑफ करने से बड़ी अनहोनी टल गई,गौरतलब है कि सोमवार की सुबह रोजाना की तरह सेंट्रल बैंक शाखा सतपता में काम काज शुरू हुए कुछ ही समय बीता था,तभी करीब 12:30 बजे अचानक बैंक के विद्युत मीटर में शॉर्ट सर्किट हो गया और धुआं निकलने लगा,ऐसे में कुछ देर के लिए बैंक में खलबली मच गई, ग्राहक व बैंक कर्मचारी बाहर के गेट की तरफ भागे, इस दौरान एक बैंक कर्मचारी द्वारा सूझबूझ का परिचय दिखाकर तत्काल विद्युत की स्वीच को बंद कर दिया गया,जिससे यहां पर एक बड़ी अनहोनी टल गई।

- बैंक कर्मचारी द्वारा समय पर मेन स्विच बंद करने से बड़ा हादसा टला

### सकरी जगह पर संचालित हो रहा बैंक, हादसों को दे रहा न्यौता

गौरतलब है कि सेंट्रल बैंक अभी जिस भवन में संचालित हो रहा है,वह जगह काफी सकरी है,यहां बैंक के भीतर घुसने एवं बाहर निकलने के लिए मात्र एक ही चैनल गेट है जिसकी भी चौड़ाई काफी कम है,सतपता ब्रांच में रोजाना हजारों की संख्या में दर्जनों गाँवो से ग्राहक लेनदेन करने व अन्य बैंकिंग कामों के लिए यहाँ पहुँचते हैं,सकरी जगह होने से किसी अनहोनी होने की स्थिति में बैंक प्रबंधन को हालात संभालना मुश्किल हो जायेगा जिससे परिणाम गंभीर हो सकते हैं,आगजनी से निपटने के लिए बैंक की अधूरी तैयारी एवं सकरे भवन में संचालित होने से बड़ी जनहानी होने का खतरा बना हूआ है।

# राष्ट्रपति का सरगुजा दौरा आदिवासी अंचल में कर रहा नई उम्मीद का संचार : अमरजीत



**अम्बिकापुर।** सरगुजा इतिहास के एक और महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी बना जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने प्रवास पर आदिवासी बाहुल्य जिला सरगुजा पहुंची थी। उनके स्वागत में पूरे जिले में उल्लास व गर्व का वातावरण देखा गया। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की झलक लिए पारंपरिक नृत्य दलों ने महामहिम का अभिनंदन किया।

राष्ट्रपति मुर्मु के आगमन पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सरगुजा की धरती पर महामहिम का आगमन हमारे लिए सम्मान से बढ़कर एक विश्वास का पल है। उन्होंने कहा कि स्वयं आदिवासी समाज से आने वाली महामहिम इस समुदाय के संघर्ष, पीड़ा और चुनौतियों को हृदय से समझें। पूर्व मंत्री भगत ने कहा कि बस्तर से सरगुजा तक बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई, जमीन का क्षरण और प्राकृतिक संसाधनों का लगातार कम होना आदिवासी समाज की जड़ों को हिला रहा है। जिस जल-जंगल-जमीन पर सदियों से आदिवासी जीवन आधारित रहा है, आज वही गंभीर संकट में है। जंगलों के सिकुड़ने व रोजगार के अभाव ने हजारों परिवारों को गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर कर दिया है। लोग अपनी परंपराओं, संस्कृति, देव स्थानों व सामुदायिक जीवन से दूर होते जा रहे है यह न सिर्फ आर्थिक बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। पूर्व मंत्री श्री भगत ने राष्ट्रपति से जंगलों के संरक्षण के सख्त उपाय, आदिवासी समुदाय के परंपरागत अधिकारों की सुरक्षा, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, वनाधारित संसाधनों के उपयोग पर समुदाय की भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का यह दौरा आदिवासी अंचलों में नई उम्मीद का संचार कर रहा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक हुई। बैठक में गौ धाम संचालन के लिए योजना निर्माण, संचालक का चयन करते हुए गौ धामों को शीघ्र प्रारंभ करने पर चर्चा की गई। साथ ही जिले में गौ धामों के संचालन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा गौ सेवा एवं संरक्षण की शपथ भी ली गई।

शासन द्वारा गौ सेवा के लिए गौ सेवा धाम संचालन की योजना क्रियान्वित की जा रही है। इसी क्रम में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में शहर एवं ग्राम क्षेत्रों में सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं की बसाहट एवं उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप गौ धामों के संचालन के लिए उपायों एवं निर्धारित नियमों की समीक्षा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आवारा पशुओं को शीघ्र सड़क से हटाकर गौ धामों में सुरक्षित रखने की कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में जिले के गौ धामों के संचालन हेतु विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। गौधाम समिति के अध्यक्ष द्वारा किसानों से पुआल को नहीं जलाने तथा गौधाम में पैरा दान करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त गौ धामों को रोजगार के केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। गौ-उत्पाद से गोबर खाद, कीटनाशक एवं अन्य वस्तुओं के निर्माण जैसे व्यवसायिक एवं आयमूलक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने गौधाम स्थापना पश्चात गौ धामों में सुविधाओं पशुओं के संरक्षण की गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय गौधाम समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा, प्रदीप झा, देवमन राजवाड़े, इन्द्रजीत देवांगन, रामनारायण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा सहित अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### भूमि सत्यापन और पंजीयन में भारी गड़बड़ी कार्यालय का चक्कर लगा रहे किसान



**रजपुरी कला /लखनपुर।** गिरदावरी और पंजीयन में की गई गड़बड़ी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि रकबा सुधार कराने अब किसानों को तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सोमवार को भी तहसील कार्यालय में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। किसानों ने जल्द सुधार कार्य नहीं किए जाने पर 27 नवम्बर को आंदोलन करने की चेतावनी दी है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा, गुमगरा कला, भरतपुर, बिनकरा, गणेशपुर, कोलयार टीकरा, लहपट्रा, पल्गानी और आसपास के कई गांव के किसान अपनी समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। इस वर्ष किसान धान बेचने को लेकर बेहद उत्साहित थे, लेकिन सरकारी प्रक्रियाओं में अव्यवस्था, तकनीकी खराबी और रजिस्ट्रेशन संबंधी अड़चनों ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों ने बताया कि इस बार भूमि सत्यापन में कई त्रुटियां सामने आईं। जहाँ पहले उनका पूर्ण रकबा दर्ज था, वहीं इस बार सिस्टम में रकबा कम दिखाया गया, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य अचानक घट गया। किसानों का आरोप है कि जमीन वही है, लेकिन सिस्टम में रकबा कम दिखाकर सीधा नुकसान किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण अब सोसायटी और तहसील के चक्कर में फंस गए है। किसानों ने बताया कि सोसायटी उन्हें तहसील भेज रही है और तहसील उन्हें वापस सोसायटी भेज रही है। इस चक्कर में किसानों का समय, पैसा और मेहनत बर्बाद हो रहा है।इधर समस्या का समाधान नहीं होने से किसानों ने 27 नवम्बर को आंदोलन करने की चेतावनी दी है। साथ ही किसानों ने आंदोलन के संबंध में तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य धर्मेंद्र झरिया, सूरज सिंह पैकरा, राजेश पैकरा, लक्ष्मण राजवाड़े, कैलाश साहू, सुरेंद्र झरिया, भरत यादव, उदय सिंह, दिगंबर पैकरा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




